तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 2 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

एसआईआर की पारदर्शी प्रक्रिया और महत्व से कार्यकर्ताओं को कराया गया अवगत
4



खबर संक्षेप

पेंशनधारियों की मासिक बैठक आज

अकलतरा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ प्रांतीय शाखा अकलतरा के तत्वावधान में सोमवार 2 नवंबर को पेंशनरों की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक प्रातः 11 बजे पेंशनर भवन बलौदा रोड अकलतरा में होगी। संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में प्रत्येक पेंशनधारी को इस माह जीवित प्रमाण पत्र भरना अनिवार्य होगा। इसकी जानकारी सभी पेंशनरों को दी जाएगी। संघ ने समस्त पेंशनधारियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की अपील की है। संघ का उद्देश्य पेंशनधारियों की समस्याओं के निराकरण, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास करना है। संघ के प्रांतीय महासचिव ने सभी सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

हाई स्कूल मैदान में होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार 2 नवंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के शासकीय हाई स्कूल मैदान में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, लोककला और परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। समारोह के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्योत्सव समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष रेखा देवा गढ़ेवाल तथा नगर पालिका परिषद चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव शामिल होंगे। राज्योत्सव के तहत दोपहर 3 बजे से शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं, शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी अपनी गायकी से समां बांधेंगे। उनकी प्रस्तुति समारोह का प्रमुख आकर्षण रहेगी। राज्योत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और सांस्कृतिक पहचान को उत्सव के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

जर्वे-पिसौद मुख्य मार्ग बना परेशानी का सबब

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग आसपास के गांवों और प्रमुख रास्तों को जोड़ने के साथ ही स्कूली बच्चों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए सड़क मरम्मत जरुरी है।

श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड श्रीराम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार 18 नवंबर से होगा। इस दौरान लगातार सात दिनों तक सीताराम-राधेश्याम नाम का अखंड जाप किया जाएगा। आयोजन का समापन बुधवार 25 नवंबर को होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

हड़ताली पटवारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया

पटवारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष और जिला अध्यक्ष सस्पेंड, बाकी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हड़ताली पटवारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया लिया है। संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। वहीं बाकी हड़ताली पटवारियों को नोटिस जारी कर ब्रेक इन सर्विस की चेतावनी दी गई है।

राजस्व पटवारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। प्रांतीय आह्वान पर जिले के पटवारी हड़ताल पर चले गए। पटवारियों की हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती, अभिलेख दुरुस्ती, धान फसल का डिजिटल क्रॉप सर्वे, फसल गिरदावरी, धान खरीदी एवं अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे थे। ऐसे में जिला प्रशासन ने अब हड़ताली पटवारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। रविवार 1 नवंबर को दो पटवारियों के निलंबन का आदेश जारी किया गया। इनमें राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष ज्योतिष कुमार सर्वे और जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव शामिल हैं। इनके आलावा बाकी हड़ताली पटवारियों को नोटिस जारी कर काम पर लौटने की हिदायत दी गई है। काम पर नहीं लौटने की स्थिति में ब्रेक इन सर्विस की चेतावनी दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवरीनारायण एवं जांजगीर द्वारा निलंबन आदेश जारी आदेश किया गया है। जारी आदेश के अनुसार धर्मेंद्र यादव पटवारी हल्का नंबर 13 तहसील शिवरीनारायण के विरुद्ध कर्तव्य में लापरवाही एवं अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई की गई है।पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के बावजूद अपेक्षित गंभीरता नहीं दर्शाने पर उन्हें निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई है। इसी प्रकार ज्योतिष कुमार सर्वे पटवारी तहसील जांजगीर के विरुद्ध सिटी कोतवाली में पूर्व में दर्ज जुआ एक्ट का अपराध और कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।प्रशासन का कहना है कि जिले में 156 पटवारियों में से 15 पटवारी काम पर वापस लौट आए हैं। इनमें 13 परिवीक्षाधीन पटवारी एवं 2 ऐसे पटवारी शामिल हैं, जो हड़ताल में शामिल नहीं हुए थे। शेष पटवारियों को ब्रेक इन सर्विस का नोटिस जारी किया गया है।



अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर में आंदोलन पर डटे पटवारी।

डिजीटल क्रॉप सर्वे के कार्य को लेकर कर रहे आंदोलन

पटवारियों द्वारा डिजीटल क्रॉप सर्वे को लेकर भौतिक सत्यापन करने पीवी एप में जानकारी अपलोड करने में हो रही व्यवहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए 13 अक्टूबर से बेमियादी हड़ताल की जा रही है। प्रांतीय आह्वान पर पूरे प्रदेश में राजस्व पटवारी संघ का आंदोलन जारी है। ऐसे में हल्का पटवारी कार्यालय में ताला लगने के साथ डीसीएस समेत पटवारी संबंधी समस्त कामकाज ठप हो गए है। पटवारियों का कहना है कि डिजिटल क्राप सर्वे को लेकर व्यवहारिक दिक्कतों के संबंध में पूर्व में उच्चाधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर शासन से इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की गई थी, लेकिन शासन स्तर से पहल नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु किया गया। इधर पटवारियों के बेमियादी हडताल में जाने से पीवी ऐप सत्यापन के साथ एग्रीस्टेक पंजीयन, आय, जाति निवास सहित पटवारी संबंधी सभी कार्य प्रभावित हो रहे है।

दी गई है नोटिस

हड़ताल पर रहने वाले राजस्व पटवारी संघ के दो पदाधिकारियों को निलंबित किया गया है, बाकी पटवारियों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

-विनय पटेल,
अधीक्षक भू अभिलेख
जांजगीर-चांपा

बकायादारों पर विद्युत विभाग की सख्ती 29 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

चांपा संभाग में 78 उपभोक्ताओं पर 22.67 लाख से अधिक का बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। चांपा विद्युत संभाग में बकाया बिजली बिलों की बढ़ती राशि विभाग के लिए चुनौती बनती जा रही है। संभाग के 78 उपभोक्ताओं पर कुल 22 लाख 67 हजार रुपये से अधिक की बिजली बिल राशि बकाया है। इनमें से लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले 29 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन विभाग ने विच्छेद कर दिए हैं। इन उपभोक्ताओं पर 8 लाख 23 हजार रुपये की राशि बकाया है। कनेक्शन काटने की कार्रवाई से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है

जानकारी के अनुसार चांपा विद्युत संभाग के अंतर्गत कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जो लंबे समय से बिजली का उपयोग करने के बावजूद नियमित रूप से बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। समय पर भुगतान नहीं होने के कारण बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही है। इससे विद्युत विभाग के राजस्व पर भी असर पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर वसूली अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत पहले चरण में ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया, जिनके ऊपर लंबे समय से बिजली बिल की बड़ी राशि लंबित है। बकाया राशि की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चांपा संभाग में 29 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए हैं। इन सभी पर मिलाकर 8 लाख 23 हजार रुपये का बिजली बिल बकाया है। विभागीय कार्रवाई के दौरान स्पष्ट किया गया है कि बिजली का उपयोग करने वाले प्रत्येक उपभोक्ता की जिम्मेदारी है कि वह निर्धारित समय पर बिल का भुगतान करे। लगातार भुगतान नहीं करने पर नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा सकती है। चांपा विद्युत संभाग में बकाया राशि का एक बड़ा हिस्सा अभी भी वसूली के इंतजार में है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, 78 उपभोक्ताओं पर 22 लाख 67 हजार रुपये से अधिक की राशि बकाया है। विभाग द्वारा इन उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिजली बिल जमा करने के लिए कहा जा रहा है। कर्मचारियों को बकायादारों तक पहुंचकर भुगतान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। विभाग का प्रयास है कि कनेक्शन विच्छेदन जैसी कार्रवाई की नौबत आने से पहले ही उपभोक्ता अपनी बकाया राशि जमा कर दें। विद्युत वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, बिजली आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं के संचालन और रखरखाव के लिए विभाग को नियमित राजस्व की आवश्यकता होती है। उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल जमा नहीं करने से विभाग की आर्थिक व्यवस्था प्रभावित होती है। यही वजह है कि अब बकाया बिजली बिलों की वसूली को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है।



बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेद करता अमला।

रेलवे स्टेशन में एक ही रात में तीन स्टॉल को चोरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 पर बीती रात अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक तीन स्टॉलों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर स्टॉलों के ताले और अन्य सुरक्षा इंतजाम तोड़कर रुपये और सामान लेकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटनाएं देर रात करीब 12 बजे के आसपास हुईं। चांपा स्टेशन स्थित जीआरपी चौकी और आरपीएफ पोस्ट के सामने एक स्टॉल सहित प्लेटफॉर्म के अलग-अलग हिस्सों में स्थित तीन दुकानों में चोरी की गई। बताया जा रहा है कि चोरों ने बड़ी आसानी से वारदात को अंजाम दिया और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध युवक की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। फुटेज के आधार पर युवक से पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध युवक नशे का आदी और पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल रेलवे स्टेशन की रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़ा हो रहा है। जिस परिसर में यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी और आरपीएफ की तैनाती रहती है, उसी परिसर में एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी हो जाना कई सवाल खड़े करता है। स्टॉल संचालकों का कहना है कि रात के समय स्टेशन परिसर में निगरानी और गश्त को लेकर व्यवस्था और मजबूत होनी चाहिए।



दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने वाला पति गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। उसका शव ग्राम बिरगहनी स्थित बंधवा तालाब के पार नीम के पेड़ पर मिला था। परिजनों ने अपने कथनों में बताया कि मृतिका का पति आरोपी लव कुमार पटेल शादी के लगभग डेढ़ वर्ष बाद से ही उसे लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी। इस दौरान आरोपी फरार हो गया था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी लव कुमार पटेल उर्फ मोटन (33 वर्ष) निवासी ग्राम एरमशाही, थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

भालेराय खेल मैदान में निर्मित पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दीपावली पूर्व नगर के भालेराय खेल मैदान में पटाखा बिक्री के लिए नगरपालिका प्रशासन द्वारा करीब 50 दुकाने निर्मित की गयी हैं जिनमें लोगों को पर्व तक पटाखों की बिक्री की जावेगी। मैदान में पटाखों की

- एक साथ जोड़कर बिना अंतराल के बनाई गयी दुकानों से हादसे की आशंका

बिक्री के लिए निर्मित दुकानों में सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गयी हैं। ऐसे में यदि कभी कोई हादसा होता हैं तो वह बड़ा भयावह हो सकता हैं।

शहर में पिछले कुछ वर्षों से पटाखों की बिक्री श्रीकृष्ण गौशाला से हटाकर भालेराय खेल मैदान में निर्मित दुकानों से की जा रही हैं। इस वर्ष भी दीपावली पूर्व पटाखों की बिक्री के लिए नगरपालिका प्रशासन द्वारा भालेराय खेल मैदान में करीब 50 दुकानों का निर्माण कराया गया हैं। इन दुकानों के निर्माण में पालिका प्रशासन ने सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना सुनिश्चित नहीं किया हैं जिससे किसी संभावित अनहोनी की स्तिथि में बड़ा भयावह हादसा घटित हो सकता हैं। एक तो सभी दुकानों के निर्माण में दो से तीन फिट का अंतराल रखें जाने की बजाए एक दूसरे से सटाकर दुकानें बनाई गयी हैं। साथ ही इनके निर्माण में तिरपाल का इस्तेमाल किया गया हैं। इस स्थिति में आगजनी होने पर आग के तेजी से फैलने का खतरा हैं। शहर के पटाखा बाजार जैसे संवेदनशील कारोबार में इस तरह की सुरक्षा मानकों में अनदेखी भारी पड़ सकती हैं। नगर में दीपावली पर्व पर लोग जमकर पटाखों की खरीदारी करते हैं। ऐसे में सुरक्षा में थोड़ी सी चूक या लापरवाही भारी पड़ सकती हैं। ऐसे में स्थानीय प्रशासन से आवश्यक हस्तक्षेप का इंतजार हैं।



भालेराय खेल मैदान में पटाखा बिक्री हेतु निर्मित दुकाने।

कराया जायेगा सुरक्षा मानकों का पालन

भालेराय खेल मैदान में निर्मित पटाखा दुकानों के निर्माण में प्रयुक्त तिरपाल को हटाने हेतु पालिका प्रशासन को निर्देशित करते हुए सभी सुरक्षा मानकों के पालन के लिए कहा गया हैं ताकि कोई हादसा न होने पावे।

-शशी कुमार चौधरी,
एस.डी.एम. चांपा

नैला दुर्गा पंडाल के पास से चोरी हुई बाइक तिल्दा से बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। नैला स्थित दुर्गा पंडाल के पास से चोरी हुई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को कुरदा निवासी मनुप्रताप पटेल अपनी एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-11-एएक्स-8456 से नैला स्थित दुर्गा पंडाल में दर्शन करने आया था। उसने अपनी बाइक नहरियाबाबा मंदिर रोड स्थित एक दुकान के पास खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। उसने नैला चौकी में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर नैला पुलिस ने ग्राम नेवरा तिल्दा से मुनेश्वर प्रसाद निषाद (20 वर्ष) तथा आयुष धीवर (19 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

विद्युत झालर के चकाचौंध के बीच आज भी बनी हुई पारंपरिक दीये की मांग

दीपावली के नजदीक आते ही मिट्टी के दिये बनाने व्यस्त हुए कुम्हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी ओर परंपरागत कुम्हार परिवार भी दीपावली की तैयारियों में व्यस्त हो गए हैं। वे परिवार सहित इन दिनों मिट्टी के दिये बनाने में जुटे हुए है।

गौरतलब है कि दीपावली का पर्व रोशनी और खुशियों का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। आधुनिकता के दौर में भले ही बाजारों में रंग-बिरंगी झालर, इलेक्ट्रॉनिक लाइट और आकर्षक सजावटी सामानों की भरमार हो गई है, लेकिन मिट्टी के दीयों का अपना अलग ही महत्व और आकर्षण है। यही वजह है कि आज भी दीपावली के अवसर पर लोग मिट्टी के दीये खरीदना पसंद करते हैं। ग्राम तुस्मा के कुम्हार सूदन कुम्हार इन दिनों मिट्टी के दीये बनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने इस वर्ष दीपावली के अवसर पर करीब पांच हजार मिट्टी के दीयों का निर्माण किया है। इस बार ग्रामीणों के घर और आंगन इन्हीं पारंपरिक मिट्टी के दीयों की रोशनी से जगमगाएंगे। बता दें कि सूदन कुम्हार प्रत्येक वर्ष दीपावली के करीब एक महीने पहले से ही मिट्टी के दीये बनाने के काम में जुट जाते हैं। वे दिन-रात मेहनत कर मिट्टी से अलग-अलग प्रकार के दीयों का निर्माण करते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी मेहनत और हुनर से लगभग पांच हजार दीयों का निर्माण किया है। सूदन कुम्हार केवल अपने गांव तुस्मा तक ही सीमित नहीं रहते,बल्कि तैयार किए गए दीयों को लेकर आस पास के गांवों और कस्बों में बिक्री के लिए पहुंचते हैं। वे खरौद,कुरियारी,सलखन दूरपा, तुस्मा और शिवरीनारायण सहित आसपास के क्षेत्रों में जाकर मिट्टी के दीये बेचते हैं। दीपावली के दौरान इन दीयों की अच्छी मांग रहती है,जिससे उन्हें मेहनत के अनुरूप अच्छी आमदनी भी हो जाती है। इसी पारंपरिक व्यवसाय से वे अपने घर-परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आज के आधुनिक दौर में जहां कई पारंपरिक व्यवसाय धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं,वहीं सूदन कुम्हार जैसे कारीगर अपनी मेहनत और कला के माध्यम से पुरानी परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं। मिट्टी को आकार देकर दीया बनाना,उसे सुखाना और फिर भट्टी में पकाना आसान काम नहीं है। इसके पीछे कड़ी मेहनत,समय और अनुभव की जरूरत होती है। दीपावली पर मिट्टी का एक छोटा-सा दीया न केवल अंधकार को दूर कर घर को रोशन करता है,बल्कि स्थानीय कारीगरों की मेहनत और उनके परिवार की आजीविका का भी सहारा बनता है।



परिवार सहित मिट्टी के दीये बनाता कुम्हार।

प्रेमी पर एसिड अटैक आरोपी युवती गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

मामूली विवाद के बाद चार दिन पूर्व अपने प्रेमी पर एसिड अटैक करने वाली आरोपी युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। बाद में उसे न्यायालय से जमानत मिलने पर रिहा कर दिया गया हैं। मामले में पुलिस जांच कर रही हैं।

ज्ञात हो कि स्थानीय वार्ड नंबर 04 सोनारिन घाट निवासी संतोष सोनी सोने के जेवर बनाने की कारीगरी करता हैं। उसका विगत चार वर्षों से समाज की ही एक युवती से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। बुधवार 28 अक्टूबर की रात करीब 12.30 बजे वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया, जिस पर गुस्साई युवती ने अपने घर से एसिड रखी बोतल लाकर उस पर फेंक दिया, जिससे युवक के शरीर के कुछ हिस्से झुलस गए। बाद में उसे उपचार के लिए बी. डी. एम. शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में उसने घटना की रिपोर्ट थाने आकर की। पुलिस ने मामले में बी एन. एस. की धारा 124,2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी युवती को पुछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायालय से जमानत मिलने पर रिहा कर दिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम विवेचना की जा रही हैं।



ACHARYA INSTITUTE

NEET I IIT-JEE I FOUNDATION I CUET

A PROMISE BEYOND EXCELLENCE

RESULTS... ही है, हमारी पहचान

New Admission Open Through Scholarship Test 2026-27

आरंभ 2.0

A-AST 2026-27



SCHOLARSHIP TEST

FOR CLASS 5th 6th 7th 8th
CBSE BOARD (ENGLISH MEDIUM)

FOR CLASS 9th 10th 11th 12th
BIOLOGY/MATHEMATICS
SEPARATE EXAMS FOR CG & CBSE BOARD
(HINDI & ENGLISH MEDIUM)

Exam Dates	15th November 2026 Sunday	22nd November 2026 Sunday	29th November 2026 Sunday

UPTO 100% SCHOLARSHIP | Certificate of Excellence | TO CHECK YOUR POTENTIAL FOR NEET/IIT EXAMS & NTSE/OLYMPIAD. | UPTO RS. 1CR OF SCHOLARSHIP

100% FREE में कोचिंग*

हर कक्षा के टॉप 3 रैंक में आने वाले छात्रों को NEET & JEE में कोचिंग फ्री* (T&C APPLY)

SCAN NOW FOR REGISTRATION

OUR TOPPERS - NEET (UG) 2026



ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GMC RAJNANDGAON
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GMC RAJNANDGAON
TAASHU TAANK 564/720 CIMS BILASPUR
SHUVAM SUBASISH 590/720 JNM RAIPUR
BHAVYA MISHRA 606/720 GMC NAGPUR
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 AIIMS DEOGHAR
AKSHAT TIWARI 592/720 NSCB ME. COLLEGE JABALPUR
UTKARSH VAISHNAV 576/720 JNM RAIPUR
& MANY MORE RESULTS...

OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2026



ALIYA SHEIKH ASLAM JEE MAIN 98.94%ile IIT GANDHINAGAR
DHAIRYA OJHA JEE MAIN 97.88%ile NIT RAIPUR
PRAKASH AGRAWAL JEE MAIN 97.74%ile IIIT RAIPUR
AIR 1518 JEE ADVANCED
UTKARSH AWASTHI JEE MAIN 99.20%ile NIT JAMSHEDPUR
PRASANN AGRAWAL JEE MAIN 99.60%ile NIT SURATHKAL
ADYA GUPTA 99.76%ile IIT ROORKEE
NAITIK CHANDWANI JEE MAIN 99.21%ile IIIT JABALPUR
HARSHIT KUMAR SINGH JEE MAIN 99.21%ile IIT PATNA
& MANY MORE RESULTS...

TOPPERS NEET – 2024

1 First Rank in Chhattisgarh



SHRISHTI GUPTA 710/720 SELECTED IN AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 705/720 SELECTED IN AIIMS HYDERABAD
& MANY MORE .....

TOPPERS NEET – 2025



JAHNVI JAIN 564/720 SELECTED IN JNM RAIPUR
AADYA KAUSHIK 561/720 SELECTED IN JNM RAIPUR
& MANY MORE .....

OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2021 – 2025



JEE ADVANCED AIR 5060 JEE MAIN 249/300 SELECTED IN TANISHA AGRAWAL IIT DELHI
JEE MAIN 99.83%ile JEE ADVANCED AIR 1365 JEE MAIN AIR 2008 SELECTED IN DIVYANSH AGRAWAL IIT BOMBAY
SELECTED IN AASHIKA KHUTEY IIT KHARAGPUR
SELECTED IN KARISHMA SINGH 776 IIT KANPUR
AKUL SONI AIR 472 99.84%ile SELECTED IN IIT GUWAHATI
SATYANSHU 99.78%ile SELECTED IN NIT NAGPUR
& MANY MORE .....

AARAMBH SCHOLARSHIP TEST – IN MUNGELI DISTRICT | Date: 22nd November 2026

ON-THE-SPOT REGISTRATION IS ALSO AVAILABLE AT THE EXAM CENTERS

For Contact Details : 62626-73703

SUMMER COURSE FOR 8th, 9th, 10th, 11th & 12th BIO & MATHS, CUET 45 Days 2027-28

CUET/CRASH COURSE

EXAM CENTERS ACHARYA INSTITUTE, BILASPUR RAJENDRA NAGAR | CMD | SARKANDA

ADMISSION OPEN 2027-28

OUR BRANCHES

RAJENDRA NAGAR	CMD CHOWK	SARKANDA	MUNGELI	FARRUKHABAD
62626-73703	74704-62225	91094-92226	74704-61083	92782-49546

Offline का भरोसा अब Online में भी

RESULT MANTRA POWERED BY ACHARYA INSTITUTE

JEE | NEET | FOUNDATION

Scan For Channel & Subscribe

खबर संक्षेप

एसईसीएल के पुनर्वास ग्रामों को मॉडल बसाहट के रूप में विकसित करें : कलेक्टर

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र में खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले ग्रामों के पुनर्वास हेतु चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पुनर्वास स्थलों में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी स्थानों पर बुनियादी सुविधाओं का बेहतर विकास सुनिश्चित करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पुनर्वास स्थलों को मॉडल पुनर्वास ग्राम के रूप में विकसित किया जाए, जहां विस्थापित होने वाले परिवारों को सड़क, पेयजल, नाली, जल निकासी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। कलेक्टर श्री दुदावत ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित ग्राम पाली-पड़निया के लिए ग्राम तरदा के जंगलपारा में विकसित किए जा रहे पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया। इसी तरह एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार के लिए ग्राम बिरदा तथा ग्राम नरईबोध के लिए गेवरा-इमलीछापर रोड स्थित ग्राम जहराजेल एवं अधिग्रहित ग्राम रलिया के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के लिए ग्राम दर्री में विकसित किए जा रहे स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तरदा जंगलपारा स्थित पुनर्वास स्थल पर भूखंड के जमीनी स्तर का समतलीकरण, पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था तथा पहुंच मार्ग निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षक बनकर बच्चों की ली कक्षा पढ़ाई और स्कूल की सुविधाओं पर किया संवाद

कोरबा। स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचकर कलेक्टर ने न केवल उनकी पढ़ाई का जायजा लिया, बल्कि स्वयं शिक्षक बनकर गणित के सवाल हल कराए और अंग्रेजी के पाठ पढ़वाकर उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनसे बातचीत कर पढ़ाई, विद्यालय की सुविधाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम तरदा और सराईसिंगार के प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, भोजन व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्माण, मरम्मत एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्राथमिक शाला तरदा एवं सराईसिंगार में बच्चों के साथ कक्षा में समय बिताया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल लिखकर बच्चों से हल करवाए और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी के पाठ पढ़वाए और उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया, जिससे उनकी पढ़ने और समझने की क्षमता का जायजा लिया। सराईसिंगार प्राथमिक शाला की कक्षा पांचवीं में वे बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीयता से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों को नियमित पढ़ाई करने, मन लगाकर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और उनकी जरूरतों के बारे में भी चर्चा की।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया ई-कचरा प्रबंधन दिवस

कोरबा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली में ई-कचरे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके समुचित प्रबंधन एवं सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ई-कचरे के पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ई-कचरे की उत्पत्ति, उसके दुष्परिणामों, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की प्रक्रिया तथा उसके सुरक्षित निस्तारण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता एसआर श्रीवास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपयोगी हो जाने पर उन्हें अक्सर इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जिससे ई-कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ई-कचरे का अनुचित निस्तारण मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित करता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य, जीव-जंतुओं तथा संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है।

एसईसीएल गेवरा में मानव शृंखला से गूंजा सतर्कता ही समृद्धि है का संदेश

कोरबा। एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा के व्यू प्वाइंट पर मानव शृंखला बनाकर एसईसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत गेवरा क्षेत्र में आयोजित संकल्प दिवस का यह विशेष आकर्षण रहा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने सतर्कता ही समृद्धि है का संदेश दिया। केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के क्रम में आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निजी कंपनी की सुविधा के लिए स्थानीय धरोहर को नुकसान पहुंचाने की आशंका

लक्ष्मण नाला के अस्तित्व पर संकट निर्माण कार्य बंद कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम कुचेना, कुसमुंडा स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाले लक्ष्मण नाला के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को लेकर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने चिंता व्यक्त की है। समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लक्ष्मण नाला के आसपास कराए जा रहे सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों पर जांच पूरी होने तक रोक लगाने तथा इस स्थल के संरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम कुचेना का लक्ष्मण नाला स्थानीय ग्रामीणों की ऐतिहासिक पौराणिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। स्थानीय बुजुर्गों एवं ग्रामीणों के बीच प्रचलित लोकमान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम माता सीता एवं लक्ष्मण जी के वनवास काल से इस स्थान का संबंध माना जाता है। ग्रामीणों के अनुसार यहाँ एक बड़े पत्थर की आकृति भी मौजूद है जिसे



लक्ष्मण नाला।

लक्ष्मण जी द्वारा ईंट काटे जाने से संबंधित मान्यता से जोड़कर देखा जाता है यह स्थल लंबे समय से स्थानीय जनमानस की आस्था एवं सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रहा है। कुलदीप ने कहा कि क्षेत्र में किसानों की निजी भूमि खरीदकर कोयला डिस्पैच के लिए स्टॉक एवं सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। आशंका है कि इस निर्माण से लक्ष्मण नाला की प्राकृतिक संरचना जल प्रवाह तथा उससे जुड़ी ऐतिहासिक-पौराणिक पहचान को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी निजी कंपनी की व्यावसायिक सुविधा के लिए सड़क निर्माण किया जा रहा है तो उसकी आवश्यकता स्वीकृति जनहित एवं स्थानीय धरोहर पर पड़ने वाले प्रभाव की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए किसानों की भूमि खरीदी जाने भूमि के मूल्य तथा निर्माण से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जानी चाहिए ताकि पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

विकास का विरोध नहीं, धरोहर की सुरक्षा जरूरी

समिति ने स्पष्ट किया कि संगठन विकास कार्यों का विरोधी नहीं है लेकिन विकास के नाम पर किसी महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के अस्तित्व को खतरे में डालना उचित नहीं है उन्होंने कहा कि लक्ष्मण नाला केवल जल निकासी का माध्यम नहीं बल्कि स्थानीय ग्रामीणों की लोकस्मृति और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा स्थल है एक बार ऐसी धरोहर नष्ट हो जाने पर उसकी भरपाई संभव नहीं होगी।

डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन कलाकारों ने बिखेरा हुनर का जलवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

विकासखंड पाली के अंतर्गत ग्राम कांजीपानी चैतमा में दशहरा उत्सव के अवसर पर ग्रुप डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न डांस टीमों के कलाकारों ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से अपनी कला, प्रतिभा और शानदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और आयोजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य कौशल सिंह नेटी शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों की सराहना करते हुए विजेता टीमों को सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार 111 रुपये नरसिम्हा ग्रुप कोरबा, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 1 रुपये 36गढ़ धरोहर मड़वारानी, तृतीय पुरस्कार 5 हजार 1 रुपये बदमाश ग्रुप गेवरा तथा चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार 1 रुपये दकिंग पोड़ी पाली विजेता टीमों को पुरस्कार मिलने से कलाकारों में खुशी का माहौल रहा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कौशल सिंह नेटी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। ग्रुप डांस प्रतियोगिता जैसे आयोजन युवाओं की कला को निखारने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा जैसे पर्व आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। ऐसे अवसरों पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीणों को एक मंच पर जोड़ते हैं।

दिल्ली में सचिन पायलट एवं सुखदेव से जयसिंह ने की भेंट


सचिन पायलट से भेंट करते पूर्व राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित वोट बचाओ–देश बचाओ महाअभियान की महारैली में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर सहित प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता इन दिनों दिल्ली में हैं।

इसी दौरान जयसिंह अग्रवाल ने आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वर्तमान में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट से नई दिल्ली स्थित एआईसीसी के पुराने कार्यालय में सौजन्य भेंट की। श्री पायलट पूर्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों एवं समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर आत्मीय चर्चा हुई। इसके पश्चात जयसिंह अग्रवाल ने झारखंड से लोकसभा सांसद एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सुखदेव भगत से उनके नई दिल्ली स्थित फिरोजशाह रोड निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई तथा आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पायलट एवं सुखदेव भगत से हुई इस सौजन्य भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन एवं अरुण वोरा भी जयसिंह अग्रवाल के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान जयसिंह अग्रवाल एवं कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में आयोजित वोट बचाओ–देश बचाओ महाअभियान की महारैली में प्रदेश एवं जिला कांग्रेसजनों की सहभागिता तथा अभियान से संबंधित संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की।

जिला कांग्रेस कमेटी ने इंदिरा गांधी की मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 43वीं शहीद दिवस पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा के शक्ति स्थल तथा स्टेडियम परिसर में स्थापित इंदिरा प्रतिमा के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा इंदिरा जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इंदिरा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला।

खास बात

- प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित शक्ति स्थल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इस अवसर पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इंदिरा गांधी को महान नेत्री निरूपित करते हुए कहा कि वे बाल्यावस्था से ही राजनीति की ओर सक्रिय हो गई थी। उन्होने 10 वर्ष की अवस्था में अपने प्रदर्शन से लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। श्रीमती गांधी गरीबों, श्रमिकों की


पूर्व प्रधानमंत्री के प्रतीमा पर माल्यापर्ण करते कांग्रेसी।

रक्षक, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की अनुयायी, करुणा तथा सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थी। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने इंदिरा गांधी को नारी जगत में साहस की प्रज्वलित ज्योति बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को खुशहाल बनाने के लिए अपने कार्यकाल में देश को राष्ट्रीय एकता की माला में पिरोया। मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और इसके अंतर्गत उल्लेखनिय परियोजनाओं पर कार्य किया। ऐसे कार्यों का लाभ देश और यहां के नागरिकों को मिल रहा है। जिला महामंत्री गिरधारी बरेठ ने कहा कि महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिये श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री के तौर पर विशिष्ट कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने आगे कहा कि युद्धकाल में महाकाली, रणचंडी बनकर मुकाबला करती रही, वहीं शांतिकाल में भारतवासियों की सेवा करने में वे सबसे आगे रहीं। जिला सचिव संतोष यादव ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत के लिए उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप अनेक अहम निर्णय लिए उनकी दूरदर्शिता हमे आज भी प्रभावित करती है। जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि इंदिरा जी अपार साहस, निर्णय शक्ति और धैर्य की प्रतिमूर्ति थी। उनके मन में गरीबों के लिए सम्मान था जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश से गरीबी मिटाने के लिए लगा दिया था। कार्यक्रम में हिमांशु सिंह, सुभद्रा सिंह, डॉ.रामगोपाल यादव, रज्जाक खान, निजामुद्दीन, इन्द्रमनी गुप्ता, अरमान अली, राजकुमार कश्यप, बसीर खान, राकेश देवांगन, ज्योति शर्मा, पवन चौहान, जवाहर निर्मलकर, रामचंद्र चंद्रा, किरण अवधेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

राज्योत्सव की तैयारियों का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 2 नवंबर को आयोजित होने वाले एकदिवसीय राज्योत्सव समारोह की तैयारियों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने जायजा लिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

श्री जैन ने मंच निर्माण, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, दर्शक दीर्घा और वीआईपी बैठक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा। कलाकारों के ठहरने, भोजन और आवास के साथ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने आयोजन स्थल के प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग तथा विभागीय स्टॉलों के स्थान निर्धारण के लिए व्यवस्थित रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की गौरवमयी यात्रा और उपलब्धियों का प्रतीक है। समारोह की सभी तैयारियां सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दर्री क्षेत्र के स्थानीय युवकों ने एचटीपीएस के ईडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवाओं द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के कार्यपालक निदेशक को क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, फ्लाई ऐश डंपिंग एवं पर्यावरणीय समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में युवाओं ने एचटीपीएस प्लांट एवं टाउनशिप में लगातार हो रही चोरियों, फ्लाई ऐश डंपिंग, गर्मी के मौसम में राखड़ उड़ने से होने वाले वायु प्रदूषण तथा आसपास के जलस्रोतों एवं कृषि भूमि पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही ग्राम नवागांव एवं मड़वामहुआ बस्ती के निकट स्थित राखड़ डंपिंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, रिटेनिंग वॉल, तटबंध एवं उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवाओं ने टाउनशिप के मध्य स्थित राखड़ डंप को हटाने अथवा आवासीय क्षेत्र से सुरक्षित दूरी पर व्यवस्थित करने, प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कराने तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग भी रखी। इसके अतिरिक्त राखड़ बांध के आसपास वृक्षारोपण कराने, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने, पुराने आवासीय क्वार्टरों के ध्वस्तीकरण से संबंधित मामलों की जांच तथा निर्माण कार्यों में स्थानीय युवाओं को नियमानुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की सीएसआर निधि का उपयोग स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य आवश्यक सामुदायिक सुविधाओं के विकास के लिए पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र एवं उचित निराकरण नहीं किया गया, तो दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवा जनहित में चरणबद्ध एवं लोकतांत्रिक आंदोलनात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने का उद्देश्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं को कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाना तथा पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और स्थानीय निवासियों के हित में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिव्यांश अग्निहोत्री, योगेश जायसवाल, पुष्पेंद्र भारिया, किशोर साहू, विजय साहिस, भुवनेश्वर दुबे, नीरज यादव, मोनेश टंडन सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


ज्ञापन सौंपने पहुंचे क्षेत्र के स्थानीय युवा।

खास बात

- फ्लाई ऐश कंपनी व प्रदूषण के समस्या के निराकरण की रखी मांग

हजारों लोगों की रोज आवाजाही, फिर भी कुचेना अंडरब्रिज बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा और दीपका को जोड़ने वाले कुचेना बाईपास मार्ग का रेलवे अंडरब्रिज लंबे समय से बदहाली का शिकार है। अंडरब्रिज से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है लेकिन सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ा हुआ डामर राहगीरों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहा है। जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 64 की पार्षद आरती लखन और बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र के वार्ड 19 के पार्षद लक्ष्मण सिंह कंवर ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है।


कुचेना अंडरब्रिज।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 4 नवंबर से आम जनता के साथ हड़ताल और चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है। कुचेना अंडरब्रिज से एसईसीएल के दीपका और गेवरा प्रोजेक्ट सहित कई निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों की बड़ी संख्या रोजाना गुजरती है। इसके अलावा बिलासपुर की ओर जाने वाले लोगों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में सड़क की बदहाली का सीधा असर हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर पड़ रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंडरब्रिज का निर्माण बेहद संकरा और गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया। सड़क पर कराया गया डामरीकरण भी कथित तौर पर इतना कमजोर था कि एक महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी। वर्तमान में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पार्षदों का आरोप है कि गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय कई जगह मिट्टी और कंक्रीट डालकर पैचवर्क किया जा रहा है। इससे सड़क की स्थिति सुधारने के बजाय और खराब हो रही है। बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच गड्ढे फिर उभर आने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रोजाना हजारों लोगों के गुजरने वाले इस मार्ग की बदहाली ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता के साथ-साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
चांपा, दिनांक 22/10/2026
ईश्तहार / उद्घोषणा

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :-आवेदिका गायत्री श्रीवास पति स्व. रामचरण श्रीवास वगैरह निवासी स्टेशन रोड चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 44 डी भूखण्ड 56 क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर भूमि / मकान स्थित है, जो अनावेदक ननकूराम उर्फ विजय पिता बच्चाराम यादव के नाम नजूल रिकार्ड में दर्ज है। जो खुला प्लाट है। जिसे रामचरण श्रीवास ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.01.1988 को क्रय कर किया गया था। वर्तमान में रामचरण की मृत्यु दिनांक 25.08.2024 को हो गया है। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण करने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति / दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/ दावा दिनांक 05/11/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2026 को जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
चांपा

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में झालरौंदा की छात्राओं ने मारी बाजी



सक्ती। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जे.बी.डी.ए.वी. स्कूल, सक्ती में किया गया। कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी छबि लाल राठौर एवं सह-नोडल अधिकारी महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा की छात्राओं एशिका आदिले एवं मेहर आदिले ने समूह में अपनी वैज्ञानिक परियोजना प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए किया गया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, वैज्ञानिक सोच, मार्गदर्शन एवं विद्यालय में नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को जाता है।इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



खरौद। शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के सभागार में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' इकाई के तत्वावधान में 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्रमुख एवं प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती एवं भारती की तैल चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर प्रो अनिल नेताम ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक जी एन भतपरे द्वारा एनएसएस सद्भावना गीत के साथ एकता दिवस पर छात्रों को प्रेरित किया गया। डॉ कश्यप द्वारा छात्रों को एकता-अखंडता की व्यवहारिक बातें बताई गई। प्रो ओंकार प्रसाद महिपाल ने सरदार पटेल की विभिन्न उपाधियों की विस्तार से व्याख्या की। प्रो पूनाराम नवरत्न ने एकता एवं संगठन में शक्ति होने की बात कही। प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज ने एकता दिवस की विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डालते हुए छात्रों को सरदार पटेल की व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो सी बी सिंह एवं आभार प्रदर्शन प्रो मंदाकिनी चंद्रा ने किया। इस अवसर पर प्रो उत्तरा निराला, प्रो अजय कंवर, प्रो संजीव सिंह एवं अतिथि व्याख्याताओं सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

घिवरा में लक्ष्मी पूजा एवं जसगीत प्रतियोगिता 6 से

बिर्रा। जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा के भाटापारा में श्री लक्ष्मी नवयुवक उत्सव समिति के तत्वाधान में लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 6 नवंबर को माता लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। आचार्य पंडित बजरंगदास वैष्णव होंगे। मुख्य यजमान रामकृष्ण कश्यप श्रीमती ममता कश्यप है। इस दौरान जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है जस गीत प्रतियोगिता में समिति के द्वारा आकर्षक पुरस्कार राशि भी दिया जाएगा। जस गीत प्रतियोगिता का फाइनल 9 नवंबर दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे से होगा। लक्ष्मी पूजा उत्सव का समापन 10 नवंबर मंगलवार को किया जाएगा । नवयुवक उत्सव समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां समिति द्वारा की जा रही है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा की जिला कार्यशाला

एसआईआर की पारदर्शी प्रक्रिया और महत्व से कार्यकर्ताओं को कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोकतांत्रिक व्यवस्था, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया और इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी की कार्यशैली पर निशाना साधते हुए कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पार्टी के संस्थापक सदस्यों के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा संगठन रायगढ़ जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा हाल ही में 'नकली लोकसभा संसद' बनाकर किए गए आयोजन की कड़ी निंदा करते हुए इसे बच्चों जैसा खेल करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और संवैधानिक प्रक्रियाओं का सम्मान करना प्रत्येक राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को इसके महत्व, उद्देश्य और व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने एसआईआर प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता और सत्यापन का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि दोनों राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सहमति एवं सत्यापन के आधार पर नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को भी याद किया गया। पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के गौरवशाली इतिहास को साझा करते हुए राज्य निर्माण के संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने किया। मंच पर प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार, रामावतार अग्रवाल, पं. राजेंद्र शर्मा, प्रीतम सिंह गबेल, भुवन भास्कर यादव एवं सुश्री अन्नपूर्णा राठौर उपस्थित रहे। कार्यशाला में मांगेराम अग्रवाल, रामनरेश यादव, कार्यक्रम संयोजक नितिन सोनी, डॉ. श्याम चंदा, अभिषेक शर्मा, अरुण शर्मा, रंजन सिन्हा, उमा राठौर, आशा साव, आयुष शर्मा, सुमित शर्मा, रमेश अग्रवाल, धनंजय नामदेव, संतोष यादव, चेतन साहू, सुषमा कसेर, अमन डालमिया, पुरुषोत्तम खुटे, अनिता सिंह, अनिता यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। अंत में विनोद बंसल ने आभार व्यक्त किया।

जिले का पहला बालिका शौचालय बगडबरी में बनकर तैयार

जांजगीर-चांपा। जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत बगडबरी स्थित प्राथमिक शाला में जिले का पहला बालिका शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (विकसित भारत जी राम जी) योजना के तहत निर्मित इस शौचालय से विद्यालय की बालिकाओं को बड़ी सुविधा मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान की भावना के अनुरूप विद्यालयों में बालिकाओं की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयाम के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा रही है। जिले में 122 बालिका शौचालय निर्माण की पहल के तहत विद्यालयों की आवश्यकता के अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत बगडबरी की प्राथमिक शाला में बालिका शौचालय निर्माण के लिए 4 लाख 30 हजार 829 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। कार्य में कुल 196 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ।



राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवम्बर को कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित जेठा ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने जायजा लिया एवं अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने तथा विभागों को सुव्यवस्थित स्टॉल लगाने के दिए निर्देश

इस दौरान उन्होंने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा भव्य राज्योत्सव कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉलों का सुव्यवस्थित ढंग से निर्माण एवं सजावट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्टॉलों में आम नागरिकों के हितों से जुड़ी शासकीय योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, विभागीय उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से आकर्षक एवं सरल तरीके से प्रस्तुत करें, ताकि आम नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह होंगे। राज्योत्सव कार्यक्रम के अवसर पर 2 नवम्बर को सायं 5 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बच्चों के लिए मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयदशमी उत्सव, पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवरीनारायण मंडल द्वारा विजयदशमी उत्सव के अवसर पर 1 नवंबर को पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ की परंपरा, अनुशासन और राष्ट्रभावना का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड पामगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विजयदशमी उत्सव की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। शस्त्र पूजन के साथ संघ के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। विजयदशमी उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख वार्षिक कार्यक्रमों में शामिल है। संघ की स्थापना के बाद से ही इस अवसर पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन की परंपरा निभाई जाती रही है। पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, एकता और सामूहिकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाता है। शिवरीनारायण मंडल में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर संघ के स्वयंसेवकों में उत्साह का माहौल रहा। आयोजन के माध्यम से समाज में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित किया गया।

छात्र-छात्राओं को दी गई उनके अधिकारों के साथ पॉस्को एक्ट एवं मोटरयान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर चांपा में शनिवार 31 अक्टूबर को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चांपा श्रीमती नम्रता नोर्गे एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती उषा राठौर एवं पैरालीगल वॉलिंटियर रमेश दिवाकर और सहदेव दास उपस्थित रहे।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र छात्राओं को उनके अधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण के तहत पास्को एक्ट मोटर यान अधिनियम एवं गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष विधिक साक्षरता अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी जाती है। बच्चे ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उससे अपने अधिकार एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता एस आर मनहर, श्रीमती मर्सी फ्रैंकलिन, श्रीमती प्रियंका भगत, प्रीति तंबोली, हरीश सिंह, अशोक यादव, अशोक राठौर, चंद्रशेखर माथुर, योगेश कुंभकार, अश्विनी सांगवान एवं विद्यालय के व्याख्याता शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता नवनीत पटेल एवं संचालन आशीष सिंह के द्वारा किया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देती न्यायिक मजिस्ट्रेट।

जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता 10 को

बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में 10 नवंबर को जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। शुभारंभ रात्रि 8 बजे होगा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में 10 नवंबर दिन मंगलवार को रात्रि 8 बजे से जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता रखा गया है। इस कार्यक्रम के संबंध में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति फिल्म अभिनेता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राजू कश्यप, रितेश रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

क्रेशर संघ ने किरारी में पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अकलतरा क्रेशर संघ द्वारा ग्राम किरारी में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधे रोपित किए गए। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने और उनके समुचित विकास के लिए नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया।वृक्षारोपण अभियान के तहत बबूल, गुलमोहर, जामुन, बादाम, नीम, करंज सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ग्राम किरारी के सरपंच अशोक कश्यप, उपसरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में किन्नर समाज के सदस्यों ने भी भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।अकलतरा क्रेशर संघ के द्वारा पौधों के बेहतर विकास के लिए भूमि में मिट्टी एवं खाद डाली गई तथा रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए खंभे लगाकर फेंसिंग की व्यवस्था की गई साथ ही पौधों को नियमित पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संघ ने दो पानी के टैंकर और ट्रैक्टर की व्यवस्था करते हुए लगातार सिंचाई करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर क्रेशर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिवर्ष 50 से 100 पौधों को रोपित कर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत की ओर से शांति कश्यप ने किया। कार्यक्रम में विकास केडिया, आशीष झाझड़िया, चंदन गुप्ता, अंकित मोदी, धनंजय सिंह, रितेश अग्रवाल, अनुराग जैन, विनोद केडिया, प्रेम सिंह सहित संघ के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। ग्रामवासियों के लिए जलपान एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम के समापन पर ग्राम पंचायत किरारी की ओर से शांति कश्यप ने आभार व्यक्त करते हुए अकलतरा क्रेशर संघ की इस पहल की सराहना की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों को समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में महत्वपूर्ण बताया।अकलतरा क्रेशर संघ की यह पहल केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों के संरक्षण और उनके विकास की जिम्मेदारी निभाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। संघ ने भविष्य में भी सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

■ छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, पौधों की देखभाल के लिए पानी के टैंकर और ट्रैक्टर की व्यवस्था


पौधरोपण करते संघ के पदाधिकारी।

ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय की दो छात्राओं को मिला श्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान

अकलतरा। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ में आयोजित कुल उत्सव के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट सेवा एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल की दो छात्राओं कु. आयुषी साहू एवं कु. श्रुति निर्मलकर को विश्वविद्यालय द्वारा श्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से दोनों छात्राओं ने समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्वच्छता जागरूकता, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में सराहनीय योगदान दिया। विपरीत मौसम और परिस्थितियों की परवाह किए बिना उन्होंने जनजागरूकता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में निरंतर सहभागिता निभाई। उनके इसी सेवाभाव, समर्पण और सक्रियता को देखते हुए विश्वविद्यालय ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार चौहान, कुलसचिव विनोद चौबे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविन्द्र कौर चौबे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. पुष्पा सिंह ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



राज्यपाल ने जिले के 13 स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर्स को राज्य पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



राज्यपाल के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते स्काउटस एवं गाइड्स।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा वर्ष 2025 में जिले के 13 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इनमें 6 गाइड्स, 5 स्काउट्स और 2 रोवर्स शामिल हैं। राजधानी रायपुर स्थित लोकभवन के दरबार हॉल में 29 अक्टूबर को आयोजित गरिमामयी समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने सफल प्रतिभागियों को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमल प्रीत सिंह, राज्यपाल के सचिव डॉ. प्रसन्ना आर. तथा राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले की ओर से कु. सोनाली पटेल (राज्यपाल गाइड), शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मड़वा, प्रेमेन्द्र कुमार साहू (राज्यपाल स्काउट), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा तथा वीरेन्द्र कुमार (राज्यपाल रोवर), बी.आर. अंबेडकर ओपन रोवर क्रू पामगढ़ को मंच पर सम्मानित किया गया। इनके साथ जिला प्रभारी दीपक कुमार यादव भी सम्मानित हुए।राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाले गाइड वर्ग में कु. सोनाली पटेल, कु. पूर्वशी साहू, कु. सुलोचना कंवर, कु. मेघा साहू और कु. दीपिका साहू (सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मड़वा) तथा कु. नेहा (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा, अकलतरा) शामिल हैं।इसी तरह स्काउट वर्ग में प्रेमेन्द्र कुमार साहू, आकाश सिंह रात्रे (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा), आयुष कुमार (राजकुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा), कृपाल सिंह कंवर और भागीरथी बरेठ (दोनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा) ने सफलता प्राप्त की। वहीं रोवर वर्ग में वीरेन्द्र कुमार और नगपाल कश्यप (दोनों बी.आर. अंबेडकर ओपन रोवर क्रू, पामगढ़) राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हुए।जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को बेहतर बनाने में राज्य उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी मनोहर प्रताप सिंह का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है। जिला प्रभारी दीपक कुमार यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

